तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026



12 गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति





12 कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण का शुभारंभ






## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटे युवक की नहीं हुई शिनाख्त

**भाटापारा।** जीआरपी चौकी भाटापारा को 27 जनवरी को रेल्वे स्टेशन में एक अज्ञात मृतक पुरुष उम्र लगभग 40-45 वर्ष जिसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई, जीआरपी चौकी में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृतक का अभी तक वारिसान का पता नहीं चला है। जीआरपी पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना देकर अज्ञात मृतक के संबंध में जानकारी लेने में जुटी हुई है। जानकारी मिलने पर जी आर पी चौकी भाटापारा सूचना देने की बात कही है।



### हाईस्कूल की 72 छात्राओं को साइकिल वितरित



**भाटापारा।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम कोसमंदा हाई स्कूल में 72 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। शाला विकास समिति अध्यक्ष, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा, ग्राम के सरपंच नारायण यदु, पवन वर्मा, प्राचार्य ,विद्यालय परिवार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित



**सिमगा।** गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत रिंगनी केसदा एवं झिरिया के प्राथमिक विद्यालयों में एपीएल अपोलो स्टील एंड पाइप्स संयंत्र द्वारा छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक विद्युत ने बच्चों को संविधान के महत्व की जानकारी देते हुए अधिकारों व कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। वहीं संयंत्र परिसर में प्रशासनिक उप महाप्रबंधक अमित सिकरवार ने ध्वजारोहण किया। सुरक्षा कर्मियों ने सलामी दी तथा कर्मचारियों ने रैली निकाली। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन, ग्रामीणजन एवं संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### गोड़ा में भागवत कथा आज से

**पलारी।** ग्राम ग्राम गोड़ा (संडी) में दिव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का दिव्य आयोजन सर्वहितकारिणी नवयुवक मित्र मंडल सत्संग सेवा समिति गोड़ा एवं समस्त ग्रामवासी गोड़ा के तत्वाधान में 29 जनवरी से 6 फरवरी तक भव्य श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें भागवतपीठ पर कथाव्यास पं. चंद्रप्रकाश कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से भागवत गीता का श्रवण करने का अवसर प्राप्त होगा। आयोजक ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाने के अपील की है।



### शिविर में 58 यूनिट रक्तदान हुआ

**बलौदाबाजार।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी बलौदा बाजार एवं पंथ गृंधमुनि नाम साहेब स्मृति सेवा समिति दामाखेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 28 जनवरी को को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 58 यूनिट रक्तदान से प्राप्त हुआ। बताया गया कि रक्तदान महादान है और मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। रक्तदान किसी के लिए जीवन का उपहा साबित हो सकता है। रक्तदान के बाद शरीर तेजी से नई रक्त ▸▸ शेष पेज 10 पर

# छत्तीसगढ़ राज्य चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मंगलवार को जिले के सिमगा विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसा में आयोजित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 24 लाख 50 हजार रुपये के चार विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया, जिसमें 5 लाख के सांस्कृतिक भवन व 4 लाख 50 हजार के फ़ूड ग्रेन स्टोरेज बिल्डिंग का लोकार्पण एवं 10 लाख के सामुदायिक भवन व 5 लाख के सीसी रोड का भूमिपूजन शामिल हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार शहर से लेकर गांव के विकास के लिये संकल्पित है। अब छत्तीसगढ़ में चहूंमुखी विकास हो रहा है, जिससे शांति व समृद्धि दिखाई दे रहा है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये में खरीदी की जा रही है।

उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा का भी ध्यान दिया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिये महतारी वंदन जैसे महत्वपूर्ण योजना लागू किया गया है जिसमें हर महीने एक हजार रुपया सीधे हितग्राही के बैक खाता में जमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने गरीबों का पक्के मकान के सपने को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना लागू किया है और अब हर पात्र हितग्राही का पक्का मकान बन रहा है।

## राजस्व मंत्री ने भैंसा में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास

### सबको अपनी भागीदारी निभानी होगी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 18 लाख पीएम आवास मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने हम सबको अपनी भागीदारी निभानी होगी। भारत के साथ छत्तीसगढ़ भी विकसित प्रदेश बनेगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि,ग्राम सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।





## डिजिटल अपराधों से सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक पहल, आमजनों को मिलेगी त्वरित राहत

# बलौदाबाजार में खुला साइबर थाना ऑनलाइन ठगी पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

आम नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में साइबर पुलिस थाना की विधिवत शुरुआत की गई। 28 जनवरी को पुलिस कंट्रोल रूम बलौदाबाजार परिसर में स्थापित साइबर थाना का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा रायपुर से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम में साइबर थाना की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे आमजन के हित में एक बड़ी पहल करार दिया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रोजनामचा लेखन कर साइबर थाना बलौदाबाजार का कार्य विधिवत प्रारंभ किया गया। बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड, ठगी, सोशल मीडिया अपराध, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड और डिजिटल धोखाधड़ी की घटनाओं को







देखते हुए यह थाना जिले के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत ▸▸ शेष पेज 10 पर

### आमजनों को क्या होंगे लाभ

साइबर थाना की शुरुआत से आम नागरिकों को कई महत्वपूर्ण लाभ मिलेंगे। अब ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, यूपीआई धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल व लिंक के मामलों में पीड़ित सीधे साइबर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इससे शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा और अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई संभव होगी। साथ ही साइबर थाना द्वारा लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे आमजन डिजिटल लेन-देन के दौरान सतर्क रह सकें। ठगी की स्थिति में त्वरित रिपोर्ट दर्ज होने से रकम रिकवरी की संभावना भी बढ़ेगी।

### साइबर अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

साइबर थाना में विशेषज्ञ पुलिस बल की तैनाती की गई है। निरीक्षक प्रणाली वैद्य को थाना प्रभारी नियुक्त करते हुए 1 सहायक उप निरीक्षक, 2 प्रधान आरक्षक सहित कुल 16 प्रशिक्षित पुलिस स्टाफ को तैनात किया गया है। यह टीम आधुनिक तकनीक के माध्यम से साइबर अपराधियों की पहचान कर उन्हें कानून के शिकंजे में लाएगी। साइबर थाना की स्थापना को जिले में डिजिटल सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। आम नागरिकों को इससे बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है और अब साइबर अपराधियों के लिए बच पाना आसान नहीं होगा। यह पहल निश्चित रूप से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को साइबर अपराध मुक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# धान बिक्री नहीं होने से परेशान किसान ने तहसील कार्यालय में आत्मदाह का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

प्रदेश में सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है । लेकिन खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्थाओं के चलते अन्नदाता किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं। एक तो टोकन नहीं मिल रहा है और यदि मिल रहा है तो उन्हें अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते किसानों में हताशा छायी है। ऐसा ही एक मामला सिमगा में ही देखने को मिला जहां कंकालिन पारा निवासी कलीराम यादव ने बुधवार को तहसील कार्यालय में सुबह लगभग 11 बजे अपने उपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया। जिसे आस पास के लोगों ने किसी तरह उसे बचा लिया। लेकिन उक्त घटना से तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर एसडीएम अतुल शेटे ने तहसील कार्यालय पहुंच कर स्थिति को सम्हालते हुए पीड़ित किसान को ढांढस बंधाते हुए उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मामले की जानकारी लेने के बाद एसडीएम अतुल शेटे ने बताया कि किसान कलीराम यादव का आधार लिंक नहीं है। धान बेचने हेतु उनका एग्री स्टेक भी नहीं हुआ है। हितग्राही का न ही फिंगर मैच कर रहा है और न ही आंख स्कैन हो रहा है। इन्हीं सब कारणों के चलते किसान अब तक धान नहीं बेच पाया है। अपने दस्तावेज दुरस्त कराने किसान काफी परेशान था। परेशानी का हल नहीं होने व हताशावश उन्होंने ऐसा कदम उठाया है। एसडीएम शेटे ने कहा कि पीड़ित किसान की उक्त परेशानियों को देखते हुए मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों से चर्चा करने के बाद तत्काल उसके अधूरे दस्तावेजों को दुरुस्त कराने किसान कलीराम यादव को जिला कार्यालय बलौदाबाजार भेजा गया है । ताकि वह अपना धान बिना किसी परेशानी के समिति में बेच सकें।

■ पेट्रोल छिड़कते ही आस पास के लोगों ने किसी तरह किसान को बचा लिया



## संपर्क केंद्र से पीएचई विभाग ने 10 पंचायतों से किया सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में आम जनता की समस्याओं के समाधान और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करने हेतु संपर्क केंद्र के माध्यम से प्रतिदिन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों के अंतर्गत आने वाली 10 ग्राम पंचायतों से सीधा संवाद किया गया। पलारी ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोनारी और कोसमंदा, ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

## अवैध शराब विक्रय के खिलाफ बेल्टुकरी में महिलाओं ने निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

ग्राम बेल्टुकरी में अवैध शराब विक्रय से परेशान ग्रामीण जन जनपद सदस्य सरोज मुकेश भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आक्रोश रैली निकाली। ग्राम की शांति के लिए अवैध शराब कोचियों को अतिशीघ्र शराब विक्रय बंद करने की चेतावनी दी। मुकेश भारद्वाज एवं ग्रामीणों ने बताया की परिक्षेत्र के ग्रामों में अवैध शराब कोचियों की बाढ़ सी आ गयी। ग्राम बेल्टुकरी भी इससे अछूता नहीं रहा। इस अवैध कारोबार के चलते ग्राम की शांति तो भंग तो हो रही है साथ ही अनेक सामाजिक बुराईयां पनप रही है। इससे ग्राम में विशेष कर महिलाएं काफी त्रस्त हैं। इसके पूर्व ग्राम नवागांव में भी अवैध शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ कर आक्रोश रैली निकाली गई थी, जिसके चलते गांव में अवैध शराब का विक्रय बंद हो चुका है, अब ग्राम में शांति का माहौल है।



# आप पार्टी में कसडोल विस के विशिष्टजनों ने किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनविरोधी नीतियों व भ्रष्टाचार के खिलाफ छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इससे पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर भारी जनाधार बढ़ा है, जिससे प्रभावित होकर जिला बलौदा बाजार भाटापारा के कसडोल विधानसभा के पलारी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम ग्राम पत्थरचूवा, छड़िया, कोदवा, सेमहराडीह के निवासियों द्वारा बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी में प्रवेश कर सदस्यता ली। यह सदस्यता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष यूथ इमरान खान, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति परमानंद जांगड़े के विशेष मार्गदर्शन में तथा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया के नेतृत्व में पार्टी प्रवेश किया है। पार्टी में प्रवेश करने वालों में पूर्व सरपंच प्रत्याशी पत्थरचूवा भूपेंद्र बंजारे, चंद्रावन कुमार, लक्ष्मण कुमार, पूनम दास मानिकपुरी, धनेश चेलक, प्रकाश कुमार बांधे, मनीष कुमार, लोकेश्वर धीवार, दिनेश कुमार, लोकेश्वर सोनवानी, रवि चेलक, चुनेश्वर भारद्वाज, बल्लू निर्मलकर, बुद्धेश्वर टंडन ने अपने अन्य साथीयों के साथ सदस्यता ग्रहण किया है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी जयसवाल द्वारा पार्टी के उद्देश्य जो गरीब, किसान, मजदूर और बेरोज़गारों ▸▸ शेष पेज 10 पर

## 150867 किसानों से 742443 मेट्रिक टन धान खरीदी, धान खरीदी के एवज में 1601 करोड़ का भुगतान

# जिले में अब तक 90 प्रतिशत किसानों ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य में धान खरीदी जिले में सुचारू रूप से संचालित है। अब तक जिले के 90 प्रतिशत किसानों ने धान विक्रय कर लिया है एवं शेष किसानों से धान खरीदी सभी 166 उपार्जन केंद्रों में जारी है।

जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकानके अनुसार अब तक 150867 किसानों से 742443 मेट्रिक टन धान खरीदी हुईं है जिसके एवज में किसानों को 1601 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।धान खरीदी हेतु जिले के कुल 167120 किसानों ने पंजीयन कराया है जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत किसान धान बेच चुके है।अब तक 279255 मेट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है जो जारी डीओ का 70.66 प्रतिशत है। इसके साथ ही 123867 किसानों से लगभग 7105 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है।



ज्ञातव्य है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विगत 15 नवम्बर 2025 से 166 उपार्जन केन्द्र के माध्यम से समर्थन मूल्य में सुचारु रूप से धान खरीदी का कार्य संचालित है। पारदर्शी व्यवस्था हेतु उपार्जन केंद्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं जिनके द्वारा हर सप्ताह केन्द्र का जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा रहा है इसके साथ ही अवैध धान पर संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। सभी खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### 350 कट्टा अवैध धान जब्त, अवैध धान के विरुद्ध प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**बलौदाबाजार।** शासन के मंशानुरूप जिले में पारदर्शी धान खरीदी हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध धान के भंडारण और परिवहन के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने 350 कट्टा अवैध धान जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी दो अलग अलग प्रकरणों में 216 कट्टा अवैध धान जब्त कर उपार्जन केन्द्र रोहांसी के सुपुर्द दिया गया। ग्राम बोहारडीह में अश्वनी कुमार साहू के पास से 26 कट्टा तथा कसडोल के ग्राम रिकोखुर्द में पवन कुमार साहू पिता गजाधर द्वारा 108 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए धान को वाहन सहित जब्त कर लिया और उसे रिकोखुर्द के कोटवार की सुपुर्दगी में दिया गया। जिला प्रशासन शासन की मंशानुरूप पारदर्शी धान खरीदी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और बिचौलियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए है। शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जिले भर में निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके।

## उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को दिया स्वास्थ्य बीमा राशि भुगतान का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता को बीमा राशि भुगतान करने का आदेश दिया है। आवेदन प्रस्तुति दिनांक से अदायगी दिनांक तक 9 प्रतिशत की दर से वार्षिक ब्याज सहित स्वास्थ्य बीमा की राशि 256751 रुपये एवं मानसिक व आर्थिक क्षति हेतु राशि 50000 रुपये तथा वाद-व्यय हेतु 10000 रुपये आवेदक को प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी आवेदक शुभम अगिचाई द्वारा पर्सनल लोन लेते हुए अपना स्वास्थ्य बीमा 7 जनवरी 2022 को अनावेदक से कराया गया था। इसके उपरांत अप्रैल 2023 में बीमारी से ग्रसित होने पर विभिन्न हॉर्स पलकों में उपचार कराया पश्चात स्वास्थ्य बीमा राशि हेतु दावा अनावेदक के समक्ष प्रस्तुत किया परंतु अनावेदक के द्वारा आवेदक के जानबूझकर स्वास्थ्य स्थिति को छिपाते हुए बीमा पॉलिसी लेने पर बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन होने पर दावा अस्वीकार कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया।

आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं बीमा संबधित नियम शर्तों आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि कंपनी द्वारा आवेदक पर आक्षेप ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ पीड़ित को मानसिक व आर्थिक क्षति राशि भी देनी होगी

## खबर संक्षेप

### रिकोकला में मां बगलामुखी मंदिर का भूमिपूजन हुआ



**सेल।** जिला बलौदाबाजार के कसडोल विकासखंड अंतर्गत वनांचल ग्राम रिकोकला में बंगलामुखी माता मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। ज्ञात हो कि बीते 4 वर्षों से लगातार ग्राम रिकोकला में बगलामुखी माता का दरबार लगते आ रहा है, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए आ चुके हैं और प्रत्येक मंगलवार को यहां माता की चौकी लगती है, जिसमें लोग शाम होते ही हजारों की संख्या में पहुंचते हैं और गाड़ी कि लंबी कतारें माता दरबार के बाहर खड़ी दिखाई देती है। माता बंगलामुखी मंदिर कि बात करें तो माता का मंदिर नलखेड़ा मध्यप्रदेश में विद्यमान है, जिसे कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण के निर्देश पर पांडवो द्वारा बनाया गया था, जो 500 वर्ष पुराना है और आज भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने जाते हैं और माता का मंदिर अब रिकोकला में बनने जा रहा है। भूमिपुजन अवसर पर रिकोकला निवासी नोहर सोनवानी पूर्व सरपंच, रिकोकला समाज सेवी रतन सिंह डड़सेना, माता सेवक और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि संतोष दीवान माता सेवक नंदकुमार डड़सेना, माता सेवक किशन डड़सेना, प्रेम डड़सेना, चैनसिंह डड़सेना, डमरू लाल डड़सेना, कुमार यादव, गंगादिन साहू, शिवा साहू सहित बड़ी संख्या में सेवकगण व श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम सेल निवासी प्रभाबाई साहू पति शिवनारायण की आग में जलने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पति शिवनारायण पिता खोलबाहरा साहू को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### मुड़पार में राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस स्पर्धा आज

**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में 29 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। युवा संगठन डिपरा पारा एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम आदर्श रामायण चौक में रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता में सामूहिक, एकल एवं युगल नृत्य की श्रेणियां रखी गई हैं, जिनमें आकर्षक पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कार, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## निधन

### साधमती साहू

**पलारी।** दतान निवासी 66 वर्षीय साधमती साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें



स्नेहिजन सहित सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे समेलाल साहू के पत्नी, शत्रुहान सुमन, संतराम की माँ व लेखराम, पुनाराम नीलकमल, तीजराम, कमलेश साहू के चाची थीं।

# बारनवापारा में घास प्रजाति की पहचान एवं चारागाह विकास पर हुई कार्यशाला

## क्षेत्रीय प्रशिक्षण के माध्यम से चारागाह पर दिया गया व्यावहारिक मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के बारनवापारा में घास प्रजाति की पहचान तथा चारागाह विकास कार्य के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चारागाह क्षेत्रों के वैज्ञानिक विकास, स्थानीय घास प्रजातियों की पहचान तथा प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यशाला में विशेषज्ञ डॉ. जी मूरतकर एवं डॉ. अरिहंत प्रधान द्वारा चारागाह विकास की आवश्यकता, उपयोगिता एवं कार्यनीति पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि चारागाह क्षेत्रों का सुदृढ़ विकास वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक आहार उपलब्ध कराने, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने तथा क्षेत्रीय जैव विविधता को संरक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के बीज संग्रहण एवं प्रबंधन के तरीकों पर भी जानकारी प्रदान की गई, जिससे चारागाह विकास कार्यों को अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

प्रशिक्षण के क्षेत्रीय भाग के अंतर्गत विस्थापित ग्राम नवापारा एवं चारागाह क्षेत्रों में जाकर स्थानीय घासों की पहचान कराई गई तथा चारागाह विकास के आवश्यक बिंदुओं पर व्यावहारिक चर्चा की गई। इस दौरान प्रतिभागियों को यह भी समझाया गया कि क्षेत्र में उपलब्ध घास प्रजातियों का सही आकलन कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किस प्रकार कार्य किया जा सकता है। इस कार्यशाला में भोरमदेव बायोस्फीयर रिजर्व एवं बलौदाबाजार वनमण्डल के कोठारी एवं देवपुर परिक्षेत्रों से वनकर्मी शामिल हुए।

कार्यशाला अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार, वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू, संतोष कुमार पैकरा, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल कविता ठाकुर, दीक्षा पाण्डेय, राहुल उपाध्याय सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होने का भय दिखा कर ले रहे पैसा

# मकान नंबर प्लेट लगाने के नाम पर 50 रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड में मकान नंबर पर प्लेट लगाने के लिए 50 रुपए की अवैध वसूली जारी है। हालांकि यह बात की पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन जो नंबर प्लेट लगाया जा रहा है वह छत्तीसगढ़ से बाहर दूसरे राज्य के आवेदक भारतीय जन कल्याण फाउंडेशन बिसनुपुर आश्रम रोड झुमरी तलैया वार्ड नंबर 01 थाना तिलैया जिला कोडरमा (झारखंड) का पत्र दिनांक 24.12.2025 द्वारा लगाया जा रहा है। इस मामले पर बलौदा बाजार जिला कलेक्ट्रेट द्वारा अपर कलेक्टर द्वारा जारी किए गए ज्ञापन 1066 एवं 1067 में चिन्हांकित किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत, स्वच्छ आयुष्मान भारत के प्रचार प्रसार के साथ स्वैच्छिक स्थायी मतलब स्वयं मकान मालिक द्वारा मकान नंबर प्लेट लगाने के संबंध में जारी किया है, जो मकान मालिक के अनुमति के बिना नहीं लगा सकते हैं ना ही 50 रुपए ले सकते हैं और शहरी क्षेत्र में 80 रुपया ले सकते हैं। आदेश अनुसार पलारी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, कसडोल, पलारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, कसडोल, पलारी, टुण्डरा, लवन, रोहांसी जिला बलौदाबाजार भाटापारा को यह प्रतियां पूर्ण जानकारी के साथ 24 दिसंबर को भेजी गई थी। वही इस मामले पर पलारी के जनपद सीईओ पन्नालाल धुर्वे के द्वारा अपने आदेश जारी ज्ञापन में स्वैच्छिक, मतलब मकान मालिक के मर्जी, शब्द को हटाकर अपने आदेश क्र.3280 दिनांक 5 जनवरी 2026 में यह लिखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मकानों पर स्थायी मकान नंबर लगाने के संबंध में को दर्शाया गया है, जो कलेक्टर कार्यालय में जारी आदेशों का सरासर उल्लंघन है। साथ ही कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त आवेदन के अनुसार ऐसा कुछ भी नहीं लिखा गया है जो सीईओ के द्वारा दर्शाया गया है जिसका यह शब्द का जिक्र जिला कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा आवेदन पर नहीं किया गया है,जो जनपद पंचायत सीईओ द्वारा यह दर्शाया गया है कि, शासन के विभिन्न कार्यो जैसे- जनगणना मतदाता सूची, गृह संख्या आवास प्रमाण पत्र, बीपीएल सर्वे सूची पारिवारिक गणना तथा नये राशन कार्ड बनाने के कार्यों में सहयोग मिलेगा।जो एक लापरवाही से कम नहीं है। वहीं अब इस फाउंडेशन द्वारा गांव के नागरिकों को राशन कार्ड और महतारी वंदन योजना जैसे शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से दूर हो जाने का का भय दिखाकर मकान नंबर प्लेट लगाया जा रहा है,जो एक लापरवाही से भी कम नहीं है।

जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि जनपद सीईओ को इसकी जानकारी देने पर अपर कलेक्टर के आदेश का हवाला देकर इस प्रकार का सूचना सभी ग्राम पंचायत के लिए आदेश निकाला गया है, मना करने के बाद भी मकान नंबर लगा कर 50 रुपए की उगाही प्रति परिवार से की जा रही है । प्रभावित ग्राम पंचायत गुमा, रेंगाडीह, गोड़ा, कौड़ियां और भी गांव शामिल है जो इसकी शिकायत कर रहें है।

मामले में जनपद पंचायत पलारी के सीईओ पन्नालाल ध्रुवे से संपर्क किया गया उनके द्वारा कहा गया कि अभी मैं बाहर हूं कल आकर बात करता हूं।

# हिरमी शराब भट्टी के कर्मचारियों ने की मारपीट, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हिरमी शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा एक युवक को दुकान के अंदर बंधक बनाकर जानलेवा हमला करने के मामले में सुहेला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी पूरी कर ली है।

घटना 13 दिसंबर की रात की है। प्रार्थी विवेकानंद वर्मा निवासी ग्राम तुलसी मानपुर, रायपुर अपने रिश्तेदार के साथ हुई मारपीट की पूछताछ करने हिरमी शराब भट्टी पहुंचे थे। वहां मौजूद कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रार्थी को अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान के भीतर खींच लिया। आरोपियों ने शटर बंद कर विवेकानंद को लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि प्रार्थी के वाहन में भी तोड़फोड़ की थी।

### सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सुहेला पुलिस ने मामले की गहन जांच की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के गवाहों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की। हिरासत में लिए जाने के बाद आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी में कवि कुमार मनहरे 25 वर्ष निवासी ग्राम सोनबरसा, राजेंद्र कुमार कुर्रे उर्फ सोनू 31 वर्ष निवासी ग्राम सोनबरसा और बद्री प्रसाद चेलक 40 वर्ष निवासी ग्राम मजगांव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सुहेला में बीएनएस की विभिन्न धाराओं (296, 351(3), 127(2), 109(1), 115(2), 324(4), 3(5)) के तहत मामला दर्ज किया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# डोटोपार स्कूल में मना गणतंत्र दिवस और वार्षिकोत्सव हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोटोपार में गणतंत्र दिवस एवं शाला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरपंच संजय कुर्रे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर उपसरपंच ओमप्रकाश मनहरे, शाला विकास एंव प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुमित्रा मनहरे व पंचायत डोटोपार के सभी पंच व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सरपंच श्री कुर्रे ने बताया कि 26 जनवरी हमारे देश के संविधान के लागू होने की स्मृति दिलाता है तथा विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने लोगों को हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने के लिए भी कहा। गांव के गणमान्य नागरिक नीलकंठ कुर्रे ने देशभक्ति गीत गाकर माहौल को देश प्रेम से भर दिया। ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए। एक गीत में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को दर्शाया गया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। कुछ विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस में भी भाग लिया। जिसमें भारत माता ,छत्तीसगढ़ महतारी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले, फौजी ,पेड़, और डॉक्टर के रूप में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन हनुमान वर्मा सर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शाला परिवार से प्रधानपाठक शेषनारायण तिवारी, शिक्षक हनुमान वर्मा, विपिन साहू, विरेन्द्र कुमार डहरिया, शिक्षिका वर्षा निराला, सीमा जायसवाल एवं योगेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

# केवट निषाद समाज ने मनाई गुहा निषादराज जयंती, शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



धर्मनगरी शिवरीनारायण में केवट निषाद समाज द्वारा गुहा निषादराज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। इस अवसर पर श्री सीताराम एवं गुहा निषादराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। माघ शुक्ल सप्तमी को महानदी तट स्थित रामघाट के केवट मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इससे पूर्व श्री राम-जानकी चौबीस अवतार मंदिर में ध्वजारोहण, सत्यनारायण कथा एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा रामघाट, बाबाघाट, रपटा घाट, अंबेडकर चौक, मेन रोड, बांबे मार्केट व नटराज चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, माता शबरी एवं नाविक केवट की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ढोल-नगाड़ों, भक्ति संगीत, आतिशबाजी व पारंपरिक कर्मा नृत्य से नगर भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से समाजजन व पदाधिकारी उपस्थित थे। आयोजन के समापन पर सामाजिक एकता व परंपरा के संरक्षण का संकल्प लिया गया। मीडिया के माध्यम से उग्रेश्वर गोपाल केवट ने सहयोगियों व प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# टीईटी पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को, केंद्रवार आब्जर्वर और उड़नदस्ते होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी आगामी 1 फरवरी रविवार को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में कक्षा एक से पांच तक अध्यापन पात्रता हेतु पूर्वान्ह 9.30 से 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में कक्षा छः से आठ तक अध्यापन पात्रता हेतु अपरान्ह 3 से 5.45 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष, नकलमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है।

परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्रियों को पहुंचाने एवं परीक्षा उपरांत कोषालय तक सुरक्षा सहित वापस लाने हेतु ऑब्जर्वर के रूप में ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें उप अभियंता डब्ल्यूआरडी को शासकीय दाऊ कल्याण पीजी कॉलेज बलौदाबाजार, उप संचालक योजना एवं सांख्यिकीय पायल पाण्डेय को शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार, खाद्य निरीक्षक कमल नारायण को सेजेस पं.चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, औषधि निरीक्षक किशोर ठाकुर को पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी हायर सेकेण्डरी स्कूल अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार, औषधि निरीक्षक प्रियंका ध्रुव को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल एमडीव्ही बलौदाबाजार, जिला विपणन अधिकारी गजेन्द्र राठोर को अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद, खनिज अधिकारी अवधेश बारिक को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रिसदा, सिनीवाली गोयल को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सकरी, एसडीओ पीएचई आरके पैकरा को अम्बुजा विद्यापीठ रवान, सहायक अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आर.के.पैकरा को शासकीय जीएनए पीजी कॉलेज भाटापारा, ईई पीएम सड़क योजना हीरा सिंह सिदार को शासकीय बहुउदेशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, उप संचालक नगर निवेश बीएल बांधे को पंचम दीवान शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भाटापारा, निरीक्षक नापतौल दामोदर वर्मा को नगर पालिका कन्या हायर सेकेंडरी सकूल भाटापारा, उप पंजीयक सहकारिता उमेश गुप्ता को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा शामिल हैं। रिजर्व अधिकारी के रूप में सहायक संचालक कृषि बी.भारद्वाज, एसडीओ पीडब्ल्यूडी मदन लाल नायक, सहायक अभियंता पीएम ग्राम सड़क योजना हितेश्वरी भूमिजन एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रितीं बंछोर को शामिल किया गया है।

इसी तरह परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के सफल संचालन एवं नकल रोकथाम किए जाने हेतु उड़नदस्ता दल गठित किया गया है, जिसमें नायब तहसीलदार बलौदाबाजार हमेश कुमार साहू, नायब तहसीलदार सण्डी पंकज बघेल, नायब तहसीलदार लवन निशा वर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा प्रेमा मिंज, नायब तहसीलदार भाटापारा अभिषेक अग्रवाल एवं सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना सिंह नेताम को नियुक्त किया गया है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर चला एनीमिया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब द्वारा गायत्री मंदिर भवन में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत 16 दिवसीय एनीमिया विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा गुप्ता के उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन, लैंगिक समानता, लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई पर ध्यान देना, सही पोषण के लिए संतुलित आहार, फोलिक एसिड टैबलेट, आयरन, कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ पर विशेष चर्चा हुई। एनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव तथा मासिक धर्म स्वच्छता के विषय में जानकारी दी गई एवं सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, भारतीय न्याय संहिता एवं बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित सभी कानूनों जैसे-घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 एवं महिला हेल्प लाईन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई। विद्यार्थियों का एनीमिया जांच एवं सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया गया विद्यार्थियों के बीच कुर्सी दौड़ बैलून फूलाव, सुई धागा, प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार वितरण किया गया।

## पेज 9 के शेष

### बलौदाबाजार में खुला...

अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा हेमसागर सिदार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 एवं 2025 में जिले में कुल 1952 साइबर संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इन वर्षों में 23 गंभीर प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कर देश के विभिन्न राज्यों से 108 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। पूर्व में साइबर अपराधों की रिपोर्ट संबंधित थानों में दर्ज होती थी, जिससे विवेचना में समय लगता था, लेकिन अब सभी साइबर प्रकरण सीधे साइबर थाना में दर्ज होकर त्वरित जांच एवं कार्रवाई की जाएगी।

### संपर्क केंद्र से...

सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नेवारी और फुलवारी, बलौदाबाजार ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरसेला (नया) और गिंदोला तथा कसडोल ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुड़पार (ब), पाड़ादाह, कुशभाठा और छतवन के सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणों से चर्चा की गई। संवाद के दौरान विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पेयजल योजनाओं और जल जीवन मिशन की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने ग्रामीणों से जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया और उन्हें जल संचयन के बारे में बताते हुए जल के महत्व के प्रति जागरूक किया। बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति और तकनीकी सुधारों से जुड़ी कुछ समस्याएं भी सामने रखीं, जिन्हें अधिकारियों ने ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु आश्वस्त किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कलेक्टर की इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाना और ग्रामीणों की शिकायतों का बिना किसी देरी के निराकरण सुनिश्चित करना है तथा शासन की सभी योजनाओं का लाभ आमजनों तक शत प्रतिशत पहुंचाना है।

### आप पार्टी में...

के बुनियादी समस्या शिक्षा, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, रोजगार को आम आदमी पार्टी का प्राथमिकता बताया और जनसभा को संबोधित कर आने वाले समय में भी भारी संख्या में पार्टी ज्वॉइन करने की संभावना बताई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर जिला अध्यक्ष नवनीत नंदे, जिला कोषाध्यक्ष बलौदाबाजार जसपाल जांगड़े, जिला सचिव रायपुर नरेंद्र सिंह ठाकुर, जिला सचिव रायपुर शिवकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष रायपुर संयुक्त सचिव सुरेंद्र बिसेन, जिला सचिव एससी विंग बलौदाबाजार ओम प्रकाश टंडन, पलारी ब्लाक अध्यक्ष पवित्र दास, मंगेश के अन्य साथी उपस्थित थे।

### उपभोक्ता आयोग ने...

लगाया गया कि आवेदक के स्वास्थ्य संबंधित घटना पॉलिसी के प्रारंभ होने से पूर्व की है जबकि आवेदक के खाते से 7 जनवरी 2022 बीमा कराया जाना एवं बीमा प्रीमियम अदा किया जाना स्पष्ट रूप से प्रमाणित है। अनावेदक स्टार एंड हेल्थ एलाइड बिलासपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए आवेदक को स्वास्थ्य बीमा की राशि 256751 रुपये आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय करने आयोग द्वारा आदेशित किया गया।

### शिविर में 58...

कोशिकाओं का निर्माण करता है, जिससे स्फूर्ति आती है। 18 से 65 वर्ष आयु के बीच जिनका वजन वजन कम से कम 45-50 किलो हो, हीमोग्लोबिन स्तर 12.5 प्रतिशत से अधिक हो तथा किसी गंभीर संक्रामक बीमारी से ग्रसित न हो वे रक्तदान कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### गौरीशंकर अग्रवाल से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात



**सेल।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से उनके निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में भाजपा कसडोल मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, पार्षद नगर पंचायत कसडोल पुनेश्वरनाथ मिश्रा, शाला विकास समिति पीएम श्री सेजेस गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल अध्यक्ष गणेशशंकर साहू, पुंकेश मानिकपुरी ने सौजन्य भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### ढनढनी स्कूल में गणतंत्र दिवस मना



**मुंडा।** ग्राम पंचायत मुंडा के आश्रित ग्राम ढनढनी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 8 बजे विद्यालय प्रांगण में अतिथियों एवं शिक्षक-स्टाफ द्वारा भारत माता, महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर पूजा-अर्चना के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर सरपंच सुश्री शशिकला पांडे सहित जनप्रतिनिधि, शाला समिति सदस्य, शिक्षक-स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। फैमिली वस्त्रालय द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर भी वितरित किए गए।

### पलारी में सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ



**पलारी।** छत्तीसगढ़ कन्नौजिया सेन समाज बलौदा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन पलारी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अधिवेशन के दौरान सेन समाज के सदस्यों ने नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे अभियानों सार्वजनिक स्थलों पर नशा-पान निषेध, प्लास्टिक का बहिष्कार तथा नगर एवं पर्यावरण संरक्षण में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। समाज द्वारा अपने अधिवेशन में प्लास्टिक सामग्री का बहिष्कार कर एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया सांथ ही समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक दायित्वों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष राजकुमार सेन ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर, कलिराम सेन रहे। कार्यक्रम का संचालन फत्ते सेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलीराम सेन,तिलक सेन, रूपेंद्र सेन, प्रकाश सेन, कृष्णा सेन, कुंज सेन, भूपेन्द्र सेन, संतु सेन, लखन सेन, शिव कुमार सेन, भारत सेन, गोलू सेन, नरेंद्र सेन, कुम्भकरण सेन, दिनेश सेन, अनिल सेन, भूपेंद्र सेन, जवाहर सेन, अजय सेन, टिकेश्वर सेन, सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे।

### छग राज्य ग्रामीण बैंक में फहराया तिरंगा



**अर्जुनी।** ग्राम अर्जुनी के छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को तिरंगा फहराया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर जनपद प्रतिनिधि त्रिलोक यादव द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस अवसर में अजय कुमार अग्रवाल शाखा प्रबंधक अर्जुनी, मोनिका अग्रवाल, स्वेता कुमारी, गुलशन वर्मा कार्यालय सहायक, दीपक रजक, संदीप वर्मा, सोनु नागदेव, देवनारायण साहू आदि उपस्थित थे।

# युवा अपनी ऊर्जा से राष्ट्र निर्माण को दें और बुलंदी : उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

## डीके कॉलेज में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन





दाऊ कल्याण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में मंगलवार को राज्य स्तरीय 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। सात दिवसीय शिविर में 9 विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के 270 स्वयंसेवक शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा ने कहा कि सात दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में बहुत कुछ सीखने को मिला होगा जो आने वाले समय में काफ़ी उपयोगी होग़ा। युवाओ में ऊर्जा भरपूर होती है, इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर राष्ट्र को नई बुलंदी पर ले जा सकते है। इस आयु में संयम, अनुशासन और मर्यादा पालन के गुण विकसित करें। उन्होंने कहा कि संगत का जीवन में विशेष महत्व है। संगत का प्रभाव हर व्यक्ति को प्रभावित करता है इसलिए अच्छा संगत करें और बेहतर नागरिक बने। स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलें। हमारी सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहल कर रही ताकि युवाओं को प्रदेश में ही उच्च गुणवत्ता के संस्थान उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पुलिस अधिकारी और चिकित्सकों के बीच हुई समन्वय बैठक

# मेडिकल मुलाहिजा और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अब पोर्टल पर होंगे अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



पूर्व में किसी भी प्रकार के प्रकरण में घायल अथवा आहत व्यक्ति का पुलिस प्रक्रिया के दौरान चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण (एमएलसी फॉर्म) भरकर मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त करने एवं इसी प्रकार पोस्टमार्टम प्रक्रिया के दौरान पीएम फॉर्म भरकर रिपोर्ट हेतु शासकीय अस्पताल भेजा जाता था। यह प्रक्रिया पूर्ण रूप से हस्तचलित थी। वर्तमान समय में यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित करने हेतु सीसीटीएनएस परियोजना अंतर्गत MEDLIPUR पोर्टल प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत संबंधित थाने से किसी घायल व्यक्ति का एमएलसी मेडिकल फॉर्म भरकर MEDLIPUR परियोजना अंतर्गत ऑनलाइन संबंधित शासकीय चिकित्सालय में भेजा जाता है। तत्पश्चात संबंधित अस्पताल में ड्यूटी में उपस्थित शासकीय चिकित्सा द्वारा उस एमएलसी फॉर्म के सभी प्रक्रिया पूर्ण कर एवं घायल व्यक्ति का परीक्षण किया जाकर ऑनलाइन रिपोर्ट MEDLIPUR परियोजना में अपलोड कर दिया जाता है। इसी प्रकार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भी यही प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

इस परियोजना के प्रारंभ होने पर शासकीय चिकित्सकों को MEDLIPUR फॉर्म भरने में कई प्रकार की व्यावहारिक एवं तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिससे मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त करने में भी आवश्यक विलंब हो रहा था। उक्त दिक्कतों एवं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में दोपहर 1 बजे से पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारियों के मध्य एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में MEDLIPUR पोर्टल अंतर्गत मेडिकल रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट अपलोड करने में आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी दिक्कतों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार,तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैंप कसडोल, प्रेमलाल साहू उप पुलिस अधीक्षक सहित जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी, जिला चिकित्सा अधिकारी बलौदाबाजार एवं जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तदा खंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## बैंक कर्मियों की हड़ताल से ठप रहा कामकाज, करोड़ों के लेनदेन प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर 27 जनवरी को जिले में समस्त शासकीय बैंकों में एक दिवसीय कामबंद हड़ताल रही। हड़ताल के चलते बैंकिंग कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा, जिससे करोड़ों के लेनदेन ठप हो गए। बैंक खुलने की आस में पहुंचे उपभोक्ताओं को निराश होकर लौटना पड़ा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बलौदाबाजार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गार्डन चौक स्थित मुख्य शाखा के सामने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय सचिव ऑफिसर्स एसोसिएशन बृजेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय सचिव जॉन गुलशन बारला के निर्देश पर तथा जिला संगठन सचिव मनोज साहू के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने एसबीआई अवार्ड स्टाफ एम्प्लाइज यूनियन, ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन एवं नेशनल फेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लाइज के समर्थन में नारे लगाए।

गुलशन बारला एवं मनोज साहू ने बताया कि बैंक कर्मियों की प्रमुख मांग प्रति सप्ताह पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की है। यह मांग पिछले तीन वर्ष अर्थात 7 दिसंबर से प्रबंधन के समक्ष रखी जा रही है। भारतीय बैंक संघ के साथ इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी है। प्रदर्शन में उप प्रबंधक चंद्र देव साहू, शुभम सिंह राजपूत, लिनेंद्र कुमार ध्रुव, शोवा बारला, हिमांशु शर्मा, हेमंत पवार, आशीष कुजूर, गरिमा सीहोरे, जागृति, हर्षा खोटीले, आशा चौहान सहित बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## जिले में 10 से 25 फरवरी तक चलेगा राष्ट्रीय फाइलेरिया उम्मूलन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने सभी विभागों को दिए जरुरी निर्देश

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दीपक सोनी ने की। कलेक्टर सोनी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। जिले में 10 से 25 फरवरी तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उम्मुलन कार्यक्रम संचालित होग़ा। कलेक्टर सोनी ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि सभी विभागों के सामूहिक प्रयास से ही जिले को इस बीमारी से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीनी स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित हो सके। बैठक में सभी विभाग अपने जिला एवं विकासखंड अधिकारियों को सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की तिथि एवं गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के साथ प्रेषित करने जिला एवं विकासखंड के अधिकारी स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करने कहा गया। दवा खाने से इनकार करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान करने तथा दवा खाली पेट न खिलाने के निर्देश दिये गए।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुई निबंध लेखन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा



राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उच्च माध्यमिक विद्यालय भड़हा में बालिका शिक्षा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय बालिका दिवस के उद्देश्य तथा महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आज के दिन को वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से जुड़ा हुआ है। बाल विवाह, कन्या भ्रूणहत्या, लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना, लड़कियों को सशक्त बनाने में इस दिवस का विशेष महत्व है। इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल भड़हा के प्राचार्य निवेदिता शर्मा ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ ही साथ कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह का हमारे सामाजिक, मानसिक, शारीरिक व आर्थिक स्थिति पर प्रभाव डालता है। इस अवसर पर विशेष विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिंटियर शंकर लाल साहू द्वारा नालसा के विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई, जिसमें प्रमुख रूप से नालसा बच्चों के लिए बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं 2024 नालसा डान योजना ड्रग्स फ्री इंडिया 2025, नालसा आशा योजना 2025, बाल विवाह मुक्त भारत, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ दिलवाई गई, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल भड़हा के समस्त व्याख्यातागण मिनी बेर, मनोरमा, ललित बनारसी, कृष्ण कुमार वर्मा, रश्मि माहेश्वरी एवं लिलेश्वर पटेल का विशेष सहयोग रहा।

## नशे के कारण बढ़ रहे बाल अपराध, जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



- पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक में भाटापारा में नशा मुक्ति केंद्र खोलने पर जोर

मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे से पुलिस कार्यालय सभा कक्ष में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता निर्देशन में पुलिस अधिकारियों, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों एवं बालक कल्याण समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों के मध्य आपसी समन्वय बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रकरणों में हिरासत में लिए गए विधि से संघर्षरत बालको से संबंधित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों ने अपने अनुभवों में किशोर बालकों का अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का मुख्य कारण उनका नशा करना बताया गया। किशोर बालक नशे की हालत में अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे देते हैं तथा लेकिन होश में आने के बाद उन्होंने क्या किया है, कैसे किया है, इस संबंध में उन्हें किसी प्रकार का ज्ञान नहीं रहता, इसके लिए किशोर बालको को नशे की गिरफ्त से दूर रखने एवं नशा पान करते हुए पाए जाने पर ऐसे बालकों की समुचित काउंसिलिंग करना अत्यंत आवश्यक आवश्यक होना बताया गया। इसके लिए समस्त नामित सदस्यों द्वारा भाटापारा शहर में विशेष रूप से किशोर बालकों के लिए नशा मुक्ति केंद्र स्थापित कराए जाने के संबंध में जोर दिया गया। भावना गुप्ता ने कहा कि किशोर बालकों पर सबसे ज्यादा नियंत्रण एवं निगाह उनके माता-पिता का ही होता है, यदि उनके माता-पिता अपने बालकों से लगातार पूछपरख करते रहे, उन्हें अच्छे-बुरे के लिए टोकते रहे, उन पर नियंत्रण रखें तो, किशोर बालक नशे के चंगुल में फंसने से बच सकता है। इसके लिए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जिले के समस्त स्कूलों में माता-पिता एवं उनके बच्चों के साथ एक परस्पर समन्वय बैठक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया तथा विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने हेतु निर्देशित किया गया। अभी हाल ही में किशोर बालकों द्वारा विभिन्न स्कूलों में चाकू बाजी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है, इसलिए क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों में विशेष निगाह रखी जाए। समन्वय बैठक में विशेष रूप से प्रकाश दास डब्ल्यूसीडी, सोनल केसरवानी सीडब्ल्यूसी, विजय दिवाकर सीडब्ल्यूसी, नोडल, वीना वर्मा सीडब्ल्यूसी, अध्यक्ष, मेघा वर्मा आईसीपीएस, प्रवीण अग्रवाल किशोर न्याय बोर्ड, पुलिस विभाग से हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार, तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैंप कसडोल, प्रेमलाल साहू उप पुलिस अधीक्षक आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ग्रामीण जीवन और शिक्षा व्यवस्था के अध्ययन के लिए पहुंचे एमबीए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा





नया रायपुर स्थित प्रबंधन संस्थान में अध्ययनरत एमबीए के विद्यार्थियों का एक दल, जो तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश के निवासी हैं, ग्रामीण रहन-सहन, सामाजिक संरचना एवं शैक्षणिक व्यवस्था के गहन अध्ययन के उद्देश्य से क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला जंजगीरा पहुंचा। विद्यालय आगमन पर प्रधान पाठक गोपाल प्रसाद वर्मा द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय की शैक्षणिक कार्यप्रणाली, शिक्षण-अधिगम गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन योजना, सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न शिक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों से संवाद कर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा शिक्षा से जुड़े व्यावहारिक अनुभवों को समझा और विद्यालय के अनुशासित वातावरण व शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। यह शैक्षणिक भ्रमण एमबीए विद्यार्थियों के लिए ग्रामीण जीवन एवं शिक्षा व्यवस्था को निकट से जानने का एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक अनुभव सिद्ध हुआ। उक्त जानकारी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा दी गई।

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का कबीरधाम नगर के दामाखेड़ा में हुआ स्वागत



**सिमगा।** सदगुरु कबीर आश्रम, दामाखेड़ा में पंथ प्रकाश मुनि साहेब के दर्शन हेतु केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी सिमगा मंडल द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ मंत्री साहू का स्वागत किया। मंत्री साहू ने आश्रम में दर्शन कर संत परंपरा को नमन किया तथा कबीर पंथ के सामाजिक समरसता और मानवता के संदेश की सराहना की। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल पांडेय, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सिमगा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, मुकेश साहू, ठाकुर राम साहू, भागवत यादव, मनोज चौबे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
29 जनवरी 2026
SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय
12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### यातायात शाखा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने ग्राम खपराडीह भाटापारा में यातायात शाखा भाटापारा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, तारेश साहू एसडीओपी, संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात, निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा शहर, स्टेनो मनीष चौबे एवं यातायात शाखा भाटापारा में पदस्थ समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### वार्षिक उत्सव में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति



**रवान।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गैतरा में 27 जनवरी को वार्षिक उत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन थे। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा ने की। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे अभिभावकों व ग्रामीणों ने सराहा। ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पुनीत राम वर्मा द्वारा खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की गई। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

### रामलला दर्शन के लिए 28 तीर्थ यात्री रवाना



**भाटापारा।** जनपद पंचायत भाटापारा से रामलला दर्शन हेतु 28 तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। इसमें जनपद अध्यक्ष अध्यक्ष सविता प्रदीप अन्नत, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, उपाध्यक्ष भोला वर्मा, अविनाश शर्मा, मनोज महाराज एवं पंचायती इंस्पेक्टर सनत कुमार ध्रुव की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### डॉ. जेके आडिल चैंपियंस ट्रॉफी का समापन

**भाटापारा।** मिलन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित डॉ. जेके आडिल चैंपियंस ट्रॉफी का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के भाटापारा अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी द्वारा किया गया। वहीं विशेष रूप से अध्यक्ष मिलन क्रिकेट क्लब अमरजीत सिंह सलूजा, सतीश अग्रवाल, अध्यक्ष कल्याण क्लब, मिलन क्रिकेट के संरक्षक डॉ. विकास आडिल, श्रीचंद छाबड़िया प्रदेश उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आदि मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले में विजेता आर्यन बिलासपुर उपविजेता चैंपियंस भाटापारा में दोनों टीमों ने अनुशासित, रोमांचक एवं उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समापन अवसर पर अध्यक्ष मिलन क्रिकेट क्लब अमरजीत सिंह सलूजा ने मंच से सभी अतिथियों, प्रेस प्रतिनिधियों, सभी सहभागी टीमों, आयोजन समिति एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय गणतंत्र दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



नगर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रथम प्राचार्य बी गिरिजा ने विद्यालय के चारों सदन के साथ स्काउट और गाइड दल का परेड निरीक्षण किया तत्पश्चात ध्वजारोहण किया, इसके पश्चात सभी सदन के सदन नायक के नेतृत्व सदन के छात्र, छात्राओं ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका विशाखा दंगे के नेतृत्व में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने मनमोहक एरोबिक तथा पिरामिड का निर्माण कक्षा 8 के छात्रों ने विभिन मुद्राओं में किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कक्षा छठी से लेकर 12वी कक्षा के छात्र- छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर देशभक्ति के रंग में सबको रंग दिया। इसमें कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के राज्य गीत पर सामूहिक नृत्य, संभालपुरी नृत्य, घूमर नृत्य और वन्देमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर नाटक वन्देमातरम प्रमुख रहा। इसके अलावा विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत और अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र सिक्का द्वारा ए मेरे प्यारे वतन ए मेरे बिछड़े चमन तुझपे दिल कुर्बान दर्शकों को भावविभोर कर गया। यह सम्पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत शिक्षक प्रशांत गायकवाड़ और दुर्गेश के सफल प्रयास से हुआ मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापक सत्येंद्र कुमार पांडे ने गणतंत्र दिवस की महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य बी गिरिजा ने गणतंत्र दिवस पर बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों के उज्जवल भविष्य के बारे में मार्गदर्शन किया। गणतंत्र दिवस की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के 11वीं के छात्र-छात्राओं जैसे यामिनी बघेल, भावेश, प्रशांत एवं समृद्धि द्वारा किया गया। विद्यालय के 77 वा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं दुर्गेश चंद्र पटेल, जेपी साहू, सत्येंद्र कुमार पांडे,एच पी पटेल, राजेंद्र सिक्का, प्रशांत गायकवाड, राकेश सिंह वर्षा मोहन,ज्ञान प्रकाश कुशवाहा, स्मिता रानी पिलाई, नवनीत राज पटेल, तारकेश्वर, राघवेंद्र सोनार ,प्रमोद कुमार, कृष्ण सूजी, आदेश गोस्वामी, संदीप मालवीय, कांतिलाल, पोखर सिंह, अर्चना, विशाखा डांगे, रंजन उपाध्याय, तरन्नुम बानो सुमन कौशिक दुर्गेश, सेल्स श्रीवास, पूनम, सरजू, राहुल राय, परमेश्वर, राजा जलेश्वर, धनेश और विद्यालय परिवार उपस्थित रहे और कार्यक्रम का लुफ्त उठाए।

## पंडरीपानी व नवापारा में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना



**बिलाईगढ़।** ग्राम पंचायत पंडरीपानी एवं आश्रित ग्राम नवापारा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच नीरा साहू ने ग्राम पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंडरीपानी में आयोजित समारोह में उन्होंने ग्रामीणों व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपसरपंच, पंच एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सफाईकर्मी, शिक्षक, गौ सेवक, स्वच्छता मित्र, वृक्ष मित्र, सामाजिक कार्यकर्ता एवं उन्नत किसानों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## सशिमं में हुआ ध्वजारोहण

**लवन।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात शाला समिति अध्यक्ष नरसिंह वर्मा के करकमलों से ध्वजारोहण किया गया। प्रधानाचार्य कमलेश वर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने बच्चों में संस्कार व राष्ट्रभाव विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में शाला परिवार व अभिभावक उपस्थित थे।



## पोहा उद्योग भवन में हुआ ध्वजारोहण



**भाटापारा।** योग साधकों द्वारा स्थानीय पोहा उद्योग भवन में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भारत माता की आरती योग साधकों द्वारा की गई। तत्पश्चाक योग शिक्षिका नीलम साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान गाकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। साथ ही साथ राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रगीत भी गाया गया। इस अवसर पर योग साधक रविन्द्र पुरोहित, राजेश छाबड़िया, अजय मंधान, तरूण सचदेव, शीला आर्य, सोनिया बालानी, अंजलि शर्मा, जया छोडानी, अरूणा बालानी, कविता छाबड़िया, साक्षी सचदेव, प्रिया मंधान श्वेता अहिलानी, रिया चंचलानी, मुस्कान सचदेव उपस्थित थे।

## प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बया में गणतंत्र दिवस मना

**सेल।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पावन अवसर पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बया में राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई। कार्यक्रम में संविधान के महत्व, देश की एकता और अखंडता पर प्रकाश डालते हुए गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया गया। ग्राम पंचायत बया के सरपंच संघ अध्यक्ष कपिल देव नायक ने विभिन्न स्थानों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। समारोह में हायर सेकेंडरी स्कूल बया के शिक्षक-छात्र, समिति प्रबंधक अंकुर दुबे, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने देश के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।



## गणतंत्र दिवस और वार्षिक उत्सव पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**बिलाईगढ़।** सेजेस परसापाली में गणतंत्र दिवस एवं वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान से हुई। मुख्य अतिथि शंकर लाल नायक, महेश मैत्री एवं ग्राम पंचायत परसापाली के सरपंच रविंद्र पटेल उपस्थित थे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य सुजीत कुमार प्रधान ने की। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य व नाटक सहित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें खूब सराहना मिली। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## गणतंत्र दिवस पर सरनेम हटाओ भेदभाव मिटाओ पुस्तक का विमोचन



**हथबंद।** गणतंत्र दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में सरनेम हटाओ, भेदभाव मिटाओ पुस्तक का भव्य विमोचन हुआ। पुस्तक के लेखक वृद्धजन परिवार फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. उत्तम कुमार हरेंद्र हैं। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पुस्तक को जातिगत भेदभाव के विरुद्ध सशक्त वैचारिक पहल बताया। डॉ. उत्तम ने कहा कि व्यक्ति की पहचान कर्म और विचारों से होनी चाहिए, न कि सरनेम से। प्राचार्य चंद्र कुमार नायक सहित उपस्थितजनों ने पुस्तक की सराहना की।



## पीएमश्री स्कूल में पूर्व छात्रों का शाल श्रीफल से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक विद्यालय प्रांगण में बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े के मुख्य अतिथि में विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों का सम्मान विद्यालय परिवार की ओर से साल व श्रीफल से किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर जांगड़े ने कहा ऐसा आयोजन एक अद्भुत आयोजन है, जहां हम इस विद्यालय से पढ़े हैं और इसी विद्यालय में हम सभी छात्रों का विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान किया जा रहा है, इसके आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य हरिशंकर जोशी के तारीफ करते हुए कहा कि श्री जोशी भी इसी विद्यालय में पढ़े हैं और आज विद्यालय के प्राचार्य हैं। डॉ. जांगड़े ने कहा कि इस विद्यालय में ऐसे अनेक छात्र हैं जो पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक बड़े-बड़े उच्च पदों में आसीन है। हमें एक साथ मिलकर खुशियां बांटने में बहुत बड़ी आनंद हो रही है। कार्यक्रम में पूर्व छात्र अब्दुल सलाम खान, दिलचंद्र तिवारी, जैसे अनेक छात्रों ने भी विचार रखें सम्मान समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, दुर्गेश बाजपेई, अरविंद मिश्रा, देवी लाल बार्वे, अनुपम बाजपेई, केशव मिश्रा, पूनूरामबंजारे, हर प्रसाद बार्वे, नरेश मनहरे, कैलाश साहू, योगेश साहू, आज सैकड़ो छात्र उपस्थित है। इस बीच विद्यालय परिवार की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया अंत में पूर्व छात्राओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

## संयंत्र ने महिलाओं के लिए आयोजित किया सिलाई प्रशिक्षण



**हिरमी रावन।** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, हिरमी सीमेंट वर्क्स द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिष्ठित कंपनी उषा इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आसपास के ग्रामों की महिलाओं को व्यावसायिक सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को आधुनिक सिलाई तकनीक, कपड़ों की कटिंग, डिजाइनिंग एवं मशीन संचालन की व्यवहारिक जानकारी दी गई। अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट वर्क्स के अधिकारियों ने बताया कि यह पहल महिलाओं के कौशल विकास के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत महिलाएं स्वयं का सिलाई कार्य प्रारंभ कर सकेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और परिवार की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित होगी। उषा इंटरनेशनल के प्रशिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे महिलाओं में सीखने के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। प्रशिक्षण में भाग ले रहीं महिलाओं ने इस पहल के लिए अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट वर्क्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगा।

## विधायक इन्द्र साव ने साहू समाज के निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण और राजिम जयंती समारोह सिंगारपुर मावली में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव थे। प्रमुख अतिथि- सत्यप्रकाश साहू उपाध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ, अति विशिष्ट अतिथि-धनंजय साहू पूर्व जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार, महेंद्र मोनू साहू जिपं सदस्य पलारी, विशेष अतिथि- जगदीश साहू अध्यक्ष तह- साहू संघ पलारी, सरोज साहू अध्यक्ष सुहेला, अशोक साहू अध्यक्ष लवन, हरिकांत साहू अध्यक्ष कसडोल और रामगोपाल साहू अध्यक्ष टूंड्रा थे।

शपथ ग्रहण समारोह में तहसील साहू संघ एवं पांच परिक्षेत्रों मोपका, तरेंगा, सिंगारपुर, मोपर एवं नगर साहू समाज भाटापारा के निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों को मुख्यअतिथि ने पद एवं कर्तव्यो की शपथ दिलाई। इसके उपरांत समाज के ग्रामीण अध्यक्षों ने भी शपथ लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि इन्द्र साव ने शपथ लेने वाले समस्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए कहा आप लोगो मे असीम ऊर्जा, प्रतिभा और सामाजिक संगठन को मजबूत करने की क्षमता है। समाज को बहुत उम्मीद भी है निष्ठा पूर्वक विभिन्न गतिविधियों मे सक्रिय भागीदारी निभाएंगे इस उद्देश्य से समाज ने आपको चुना है। विधायक साव ने आगे कहा समाज की कुलदेवी संत माता कर्मा, भक्तिन राजिम माता, दानवीर भामाशाह जैसे अनेक महान विभूतियों के जीवन चरित्र को अपने जीवन मे आत्मसात कर समाज की भाविपीढ़ी एवं युवाओ को प्रेरित करे।

प्रमुख अतिथि सत्य प्रकाश साहू ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए हमें योजनाबद्ध ढंग से काम करना होगा साथ ही समाज के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय साहू ने समाज से शिक्षा ,स्वास्थ्य, रोजगार एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देने का आह्वान किया।

समारोह को अन्य अतिथियों ने भी सम्बोधित किया। तहसील साहू संघ भाटापारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने कहा कि हम सभी बुजुर्गों का मार्गदर्शन लेते हुए समाज को संगठित करने का काम करेंगे। अंत में आभार तहसील साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अजय साहू ने किया। कार्यक्रम में नरेश साहू, तिहारु राम साहू, कमलेश साहू,वीरेंद्र साहू, सहदेव साहू, ममता साहू, सती साहू,नीरादेवी साहू, डॉ वीणा साहू, प्रमिला साहू, हिरमत बाई साहू, घनाराम साहू, दयालु राम साहू, भरत साहू, कोमल साहू, रामसागर साहू, मनोहर साहू, बाबूलाल साव, रोशन साहू, मनहरण साहू, तिलक साहू,वीरेंद्र साहू, नारायण साहू, पीलाराम साहू आदि का सहयोग रहा।

### प्रत्येक प्रतिभागी को 351 रुपया व श्रीफल राम दरबार फोटो से किया जाएगा सम्मानित

## कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



ग्राम पंचायत परसापाली में सोमवार को बॉडाचौक में अखण्ड नवधा रामायण का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में महिलाएं के साथ लड़कियां भी शामिल हुई। उपरोहित अनूप पांडे द्वारा पूजा अर्चना कर नवधा रामायण का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष लालजी राव, उपाध्यक्ष सुरपाल वर्मा, सचिव छविराम वर्मा, कोषाध्यक्ष नारायण दास मानिकपुरी, संरक्षक अशोक कुमार वर्मा व ग्रामवासी द्वारा प्रतियोगिता का कार्यक्रम 4 फरवरी को रखा गया है। नवधा रामायण में आने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 351 रुपया व श्रीफल राम दरबार फोटो से सम्मानित किया जाएगा। इस रामायण प्रतियोगिता में में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव जिला पंचायत सदस्य द्वारा, दूसरा इनाम भुवनेश्वरी यादव सरपंच ग्राम पंचायत परसापाली 9001 रुपया, तीसरा इनाम नवधा रामायण समिति ग्राम परसापाली द्वारा 8001 रूपया, चतुर्थ ईनाम सरिता जायसवाल प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा महिला मोर्चा कसडोल 7001 रुपया, पंचम पुरस्कार पुरस्कार जयप्रकाश वर्मा शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला परसापाली द्वारा 6001 रुपए, षस्टम पुरस्कार राम कृपा नवयुवक कीतर्न मंडली द्वारा 5051 रुपया, झरिया यादव समिति परसापाली 401 रुपया, स्वर्गीय डाइजेश यादव सुपुत्री भाव यादव द्वारा 5051 रुपया, सप्तम पुरस्कार झेरिया यादव समिति परसापाली 4001 रुपया, अष्टम पुरस्कार हेमप्रभा वर्मा इंजीनियर ग्राम परसापाली द्वारा 3001 रुपया, नवम पुरस्कार 3001 रुपया, विष्णु दास मानिकपुरी फोटो स्टूडियो परसापाली द्वारा 2501 रुपया, दशम पुरस्कार न्यू लुक टेलर्स राज वर्मा टेकराम वर्मा मकान ठेकेदार 2001 रूपया, एकादशम पुरस्कार महिपाल वर्मा किराना स्टोर परसापाली द्वारा 1551 रूपया, द्वादशम पुरस्कार स्व.फेकन बाई राव के स्मृति में पांडु होटल कसडोल द्वारा 1001 रूपया, त्रयोदश पुरस्कार श्याम बाई यादव पंच 1001 रुपया, ग्राम परसापाली वार्ड क्रमांक 4 भंडारा के लिए प्रथम दिवस के लिए ठकेस वर्मा, दूसरा दिवस गायत्री स्वास्थ्य समूह, तीसरा दिवस जागृति स्वास्थ्य समूह, चतुर्थ दिवस चिंतामणि मानिकपुरी द्वारा व गांव के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा।

